समाज विकास

मूल्य : ₹.१० प्रति, वार्षिक ₹.१००

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• नवम्बर - दिसम्बर २०११ • वर्ष ६२ • अंक ११-१२

स्थापना दिवस विशेषांक

मुख्य अतिथि

प्रो. सौगत राय
केन्द्रीय राज्य शहरी विकास मंत्री

सभापति



श्री हरिप्रसाद कानोड़िया
राष्ट्रीय अध्यक्ष

मुख्य वक्ता

श्री सुदीप बन्दोपाध्याय
केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य एवं
परिवार कल्याण मंत्री

८८वां स्थापना दिवस

२५ दिसम्बर २०११, विद्या मन्दिर, कोलकाता

S R RUNGTA GROUP

Caring for Land and People...

RUNGTA MINES LIMITED

Mine Owners, Ferro Alloy Producer & Mineral Processors



- ***IRON ORE*** - *BF & SPONGE GRADE, BLUE DUST, CRUSHED FINES*
- ***MANGANESE ORE*** - *BF & FERRO MANGANESE GRADE, DIOXIDE, FINES*
- ***LIMESTONE, BAUXITE, QUARTZ, PYROPHYLLITE***
- ***SPONGE IRON*** *LUMPS & FINES*

CORPORATE OFFICE

RUNGTA HOUSE, CHAIBASA 833 201, JHARKHAND, INDIA
Phone: 06582-256861/ 256761/ 256661; Fax: 91- 6582 256442
Email: rungtas@satyam.net.in, Web Site: www.rungtamines.com, GRAM: "RUNGTA"

REGISTERED OFFICE

8A, EXPRESS TOWER, 42A, SHAKESPEARE SARANI
KOLKATA 700017, INDIA
Phone: 033-2281 6580/3751; Fax: 91-33-2281 5380; Email: rungta_cal@sify.com

MINES DIVISION

RUNGTA OFFICE
MAIN ROAD, BARBIL 758035, DIST- KEONJHAR, ORISSA, INDIA
Phone: 06767- 275221/277481/ 441; Fax: 91-6767-276161
Email: rungta_bbl@yahoo.co.in, GRAM: "RUNGTA"

SPONGE IRON DIVISION

ORISSA
RUNGTA OFFICE
MAIN ROAD, BARBIL 758035
DIST- KEONJHAR, ORISSA, INDIA
Phone: 06767- 27689/277391/021
Fax: 91-6767-277011

JHARKHAND
RUNGTA OFFICE
SADAR BAZAR, CHAIBASA - 833201
DIST- SINGHBHUM(W), JHARKHAND, INDIA
Phone: 06582-256621/256321
Fax: 91-6582-257521

भारत
राजस्थ
रतनसि
मीरा कृ
वालों न
मीरा वि
ससुराल
सब इस
आई ।
मार स
गिरधर

समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

७७वाँ स्थापना दिवस समारोह

रविवार, २५ दिसम्बर २०११ विद्या मन्दिर, कोलकाता

मुख्य अतिथि
माननीय प्रो. सौगत राय
केन्द्रीय राज्य शहरी विकास मंत्री

मुख्य वक्ता
माननीय सुदीप बन्धोपाध्याय
केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य व परिवार कल्यानण मंत्री

वक्ता
श्री सीताराम शर्मा
पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष

अध्यक्षता
श्री हरिप्रसाद कानोड़िया
सम्मेलन सभापति

वक्ता
श्री नन्दलाल रूंगटा
निर्वतमान सम्मेलन, अध्यक्ष

इस अवसर पर मूर्धन्य साहित्यकार डॉ० उदयवीर शर्मा, बिसाऊ निवासी को राजस्थानी भाषा साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

नाटक मंचन : "मीरा की अमर कहानी"
लेखक व निर्देशक : विनोद वर्मा

नाट्य सारांश

भारतवर्ष में शायद ही ऐसा कोई मानव होगा जिसने गिरधर प्रेम-दिवानी मीराबाई का नाम न सुना हो। राजस्थान के मेड़ता राज्य के राजा राव दुदाजी कृष्ण के अन्यतम भक्त थे। उनके चतुर्थ पुत्र कुंवर रतनसिंह के यहा १४९८ ई. में कुड़की गांव में भक्त शिरोमणी मीराबाई ने जन्म लिया। बालपन से ही मीरा कृष्ण की भक्ति रस में डूब चुकी थी और भगवान श्रीकृष्ण को ही अपना पति मान लिया। परिवार वालों ने मीरा का विवाह चितौड़गढ़ के राजा सांगा के पुत्र भोजराज के साथ करने का निर्णय लिया। परन्तु मीरा विवाह के लिये राजी नही हुई। उसने अपने गिरधर गोपाल के साथ अग्नि के साथ फेरे ले लिया। ससुराल आने के बाद भी मीरा अपने गोपाल के प्रेम में ही खोई रहती थी। मीरा की सास, ननंद, देवर सब इसका विरोध करने लगे। किन्तु लाख विरोध के बावजूद भी मीरा की कृष्ण भक्ति में कोई कमी नहीं आई। मीरा को मारने के लिये तरह तरह के उपाय हुए। लेकिन कहा जाता है – 'जाकों राखे साइयां, मार सके ना कोय।' और अन्त में अपनी भक्ति-भाव-साधना से मीराबाई अपनी देह त्याग कर अपने प्रिय गिरधर गोपाल के हृदय में समा गई।

भक्त नहीं होते तो कौन कहता भगवान। अगर होती ना मीरा कौन कहता घनश्याम।।

समाज विकास

स्थापना दिवस विशेषांक

◆ नवम्बर-दिसम्बर २०११ ◆ वर्ष ६२ ◆ अंक १०-११ ◆ एक प्रति - १० रु. ◆ वार्षिक-१०० रु.

अनुक्रमणिका

क्रमांक	पृष्ठ संख्या
चिट्ठी आई है	६-८
सम्पादकीय : २०१२ क्या भारतीय अर्थव्यवस्था का संकट वर्ष होगा? – ***सीताराम शर्मा***	९
अध्यक्षीय : म्हारो लक्ष्य राष्ट्र की प्रगति – ***हरि प्रसाद कानोड़िया***	११
वर्ष-व्यापी लगातार कार्यक्रम – ***संतोष सराफ***	१३-१५
सम्मेलन के प्राण पुरुष एवं पूर्व अध्यक्ष	१७-२३
सम्मेलन के रजत जयंती समारोह में शिरकत करते पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. विधान चन्द्र राय	२७
सम्मेलन के स्वर्ण जयंती समारोह में शिरकत करते तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह	२८
सम्मेलन की हीरक जयंती समारोह में शिरकत करते तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा	२९
सम्मेलन की कौस्तुभ जयंती समारोह में शिरकत करती महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील	३०
यूपीए शासन की दो हस्तियां सोनिया और मनमोहन की पूरे विश्व में सराहना – ***राम अवतार पोद्दार***	३१
संगठित होकर काम करना समाज के लिए संजीवनी – ***कमल नोपानी***	३३
परिवार को संगठित रखना वक्त की जरूरत – ***द्वारका प्रसाद डाबरीवाल***	३४
सम्मेलन के नए संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्यों की सूची	३९-४१
सम्मेलन के नए आजीवन सदस्यों की सूची	४३-४७
मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं स्थायी समिति की संयुक्त बैठक में एकल सदस्यता लागू करने पर चर्चा	४९-५०
संगठन उपसमिति की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा	५१
भवन निर्माण उपसमिति की बैठक में सम्मेलन भवन के निर्माण पर चर्चा	५२
संविधान संशोधन उपसमिति की बैठक की रपट	५३
सदस्यता उपसमिति की बैठक की रपट	५४
सीताराम रुंगटा राजस्थानी भाषा साहित्य पुरस्कार के लिए **डॉ. उदयवीर शर्मा** चयनित	५५
प. बं. प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का दीपावली प्रीति सम्मेलन	५७
कैसे बचेगा समाज और सामाजिक सोच? – ***संजय हरलालका***	५९
सम्मेलन की उपलब्धियां	६०-६१
विस्मृति के गर्भ में खो गए सेनानी – ***भानीराम सुरेका***	६२-६३

क्रमांक	पृष्ठ संख्या
मन तो बादाम की कतली को है : रामदेव चोखानी – ***हरिचरण चोखानी***	६४
गजल : चम्पा लाल मोहता "अनोखा"	६५
SMS की दुनिया	६५
प्रान्तीय समाचार : युवा मंच का प्रथम विश्व मारवाड़ी सम्मेलन नासिक में सम्पन्न	६७
प्रान्तीय समाचार : जोरहाट शाखा	६९
नवगीत : ओम रायजादा	६९
प्रान्तीय समाचार : भोपाल शाखा	७५
गीत : जी.डी. गोलाणी	७५
प्रान्तीय समाचार : कानपुर शाखा	७६
कोलकाता : एक नजर – ***प्रभाकर चतुर्वेदी***	७६
उच्च शिक्षा कोष की सूचना	७७
प्रान्तीय समाचार : बिहार मारवाड़ी सम्मेलन शिक्षा समिति के सेवाकार्य	७८
प्रान्तीय समाचार : मध्यप्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन का दीपावली मिलन	७९
राजस्थान की संस्कृति अत्यन्त समृद्ध – ***राजेन्द्र सिंह गुढ़ा***	८०
व्यंग्य : बालाराम परमार हँसमुख	८४
स्वास्थ्य : कई रोगों की दवा है गरम जल पीना	८५
नाटक : हमारी बेटियां – ***हरि प्रसाद कानोड़िया***	८६-८७
राजस्थानी बात : नथमल केडिया	८८-८९
बंगलादेश मुक्ति युद्ध की ४०वीं वर्षगांठ : कुछ संस्मरण – ***सीताराम शर्मा***	९०
कविता : हरिनी की प्रेम गाथा – ***नथमल केडिया***	९१
राजस्थानी कविता : आपणी भासा राजस्थानी – ***शम्भु चौधरी***	९२
दो लघुकथाएं : एक सांवली सुन्दर लड़की / धमाके के बाद – ***शिव सारदा***	९३
सम्मेलन चित्रावली : १९३५-२०११	९९-१०६

स्वत्वाधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ◆ १५२बी, महात्मा गांधी रोड, कोलकाता - ७००००७
फोन : ०३३-२२६८ ०३१९ ◆ email: aimf1935@gmail.com
के लिये श्री भानीराम सुरेका द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित तथा
सीडीसी प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित
प्रधान संपादक : सीताराम शर्मा
प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

चिट्ठी आई है

दीपावली की शुभकामना

अ. भा. मारवाड़ी सम्मेलन कोलकाता का मासिक-पत्र 'समाज विकास' माह अक्टूबर का पढ़कर बड़ी खुशी हुई कि राजस्थानी भाषा उपसमिति की बैठक में आपस में वार्तालाप राजस्थानी में करने का संकल्प लेने एवं आदरणीय श्री नथमलजी केड़िया के सुझाव 'समाज विकास' में दो पृष्ठ राजस्थानी भाषा के लिए आवंटित करने के निर्णय को मैं संघर्ष समिति की ओर से सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आभार प्रकट करता हूँ।

पाठकों के आने वाले पत्रों को महत्व दिया जाना खुशी की बात है एवं पत्रिका के मार्गदर्शन के लिए आवश्यक भी है। रघु मोदी जी को इटली सरकार द्वारा सम्मानित किया जाना हर्ष की बात है। सम्पादकीय में आदरणीय सीताराम जी ने 'अमीरी से तंग आकर आत्महत्या' शीर्षक से पाठकों को उद्वेलित कर दिया। इस सच को नकारा नहीं जा सकता। आज आत्महत्या अमीर अधिक एवं गरीब कम करते हैं। युवा पीढ़ी की प्रगति पर हरिप्रसादजी कसोड़िया का गर्व शुभ संकेत है। "नैतिक मूल्यों की पुर्नस्थापना" संतोष जी सराफ का जरूरी बताना वास्तव में देश एवं समाज की जरूरत है। आजीवन सदस्यों, विशिष्ट सदस्यों एवं संरक्षक सदस्यों के पते मय फोटों के लिए पाठकों तक पहुंचना हित की बात है।

अक्टूबर २०११ के अंक की सारी सामग्री सराहनीय है राजस्थानी भाषा के लिए २ पृष्ठों के आवंटन के लिए पुनः धन्यवाद।

– **लक्ष्मणदान कविया**
संस्थापक एवं मुख्य संगठक
अ.भा. राजस्थानी भाषा मान्यता संघर्ष समिति
नागौर, राजस्थान

A. Mhamia
Asstt. Director (M & C)
Ph: 2248 9742/3490, Fax: 2248 1575

No-AD/press/11/22
पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार
Press Information Bureau
Government of India,
8, Esplanade East,
Kolkata: 700 069.

दिनांक : 08 दिसम्बर, 2011

श्री सीताराम शर्मा,

प्रधान सम्पादक--समाज विकास,

कोलकाता।

प्रिय महोदय,

समाज विकास के अंक इन दिनों नियमित मिल रहे हैं। विगत तीन-चार महीनों से न केवल आपके मुखपत्र की साज-सज्जा व मुद्रण में सुधार आया है, चयनित सामग्री के स्तर में भी अभूतपूर्व प्रगति दृष्टिगत हो रही है। बालकों-किशोरों को भी इस प्रकाशन से जोड़ने के लिए उनके अनुकूल सामग्री का प्रकाशन आपने आरम्भ किया है। यह पहल भी स्वागत योग्य है। हाँ, इन स्तम्भों की सामग्री भी किशोर-युवा पीढ़ी की स्वरचित हो एवम् प्रकाशित सामग्री को प्रोत्साहन-पुरस्कार दिये जा सकें तो समाज में रचनात्मकता को और बढ़ावा मिलेगा।

आपके साथ-साथ अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन भी इस 62 वर्षीय मुखपत्र के प्रकाशन-प्रसारण में उल्लेखनीय सुधार के लिए धन्यवाद का पात्र है।

सधन्यवाद,

भवदीय-

08/12/2011

(महमिया अजय)

सहायक निदेशक-मीडिया व संचार

समाज विकास : एक नया जनपक्षीय दृष्टिकोण

'समाज विकास' के पिछले ३/४ अंकों को देखने-परखने से पता लगता है कि 'समाज विकास' में एक नया जनपक्षीय दृष्टिकोण उभर कर आ रहा है। सहज राजस्थानी व्यकरणं का प्रकाशन बतलाता है कि सम्मेलन मातृभाषा के प्रचार-प्रसार एवं उसकी मान्यता के लिए प्रयत्नशील है। इसी सिलसिले में श्री नथमल जी के लिए प्रस्तावानुसार राजस्थानी में दो पेज नियमित प्रकाशन का सिलसिला शुरू किया गया है। श्री नथमलजी साधुवाद के पात्र हैं। तुलसी जी और कुंवारा हो राम? पढ़ कर मैं मुग्ध हो गया। 'नारी चेतना' अंजनी कुमार शर्मा का काव्य रचना श्रेष्ठ है। उन्हें भी बधाई। सम्मेलन के साथ नौजवान जुड़ रहे हैं। हर्ष है।

– **केसराकान्त शर्मा 'केसरी'**
मण्डावा (राज.)

चिट्ठी आई है

सम्मेलन का हरियाणा की अवहेलना

अक्टूबर अंक के समाज विकास में नियमित रूप से दो पृष्ठ राजस्थानी भाषा में देने की सूचना प्रकाशित की गई है। मेरी समझ में नही आता कि एक ओर तो मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थान, हरियाणा एवं मालव प्रदेश के प्रवासी भाइयों का संगठन घोषित करता है, वही दूसरी ओर देखने में आ रहा है कि सम्मेलन राजस्थानियों की हित-चिन्तन की संस्था बनकर रह गया है। सम्मेलन के मंच से राजस्थानी कला व संस्कृति तथा राजस्थानी भाषा की उन्नति के लिए जोरदार प्रयास किये जा रहे है। हरियाणा, जिसकी खुद की एक उज्ज्वल व गौरवशाली लोकसंस्कृति, इतिहास एवम् साहित्य है, पूर्णतया सम्मेलन द्वारा अवहेलित है। मुझे राजस्थान तथा वहाँ की संस्कृति व भाषा से कोई दुराव नहीं। वह भी महान भारतीय संस्कृति का एक गौरवशाली अंग है। परन्तु मेरी समझ में नही आता कि राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के लिए सम्मेलन का प्रयोग कहाँ तक उचित हैं। ये राजस्थान व हरियाणा का सामूहिक मंच है। हरियाणा को या हरियाणावासियों को राजस्थानी की मान्यता से क्या लेना-देना। अगर आवश्यक हो तो राजस्थानी की मान्यता के लिए कोई अलग संगठन बनाकर आवाज बुलन्द करें। ऐसा देखा गया है कि जब भी हरियाणा या हरियाणा मूल के किसी व्यक्ति ने कोई विशेष योग्यता या कृतिमान स्थापित किया है, सम्मेलन ने सदैव इसे नजर अंदाज किया है। चाहे दो-बार एवरेस्ट फतेह करने वाली मारवाड़ी की संतोष यादव हो, हाल में सम्पन्न राष्ट्रीय मण्डल खेलों में सर्वाधिक मैडल जीतनेवाले हरियाणा के खिलाड़ी हो, भारतीय सेना के सेनानायक वापोड़ा के. जनरल बी.के. सिंग हो या अमेरिका में निर्वाचित ओबामा सरकार में वित सलाहकार प्रिता बंसल हो, सम्मेलन ने अपनी ओर से सम्मानित करने या श्रद्धांजली देने की जरुरत नहीं महसूस की। ये बातें असंतोष का कारण बन सकती है, जो सम्मेलन के लिए घातक सिद्ध होगी।

आशा है इस संदर्भ में उचित कार्यवाही करेंगें।

– **देवकी नन्दन बंसल**
शिवसागर (असम)

धर्म के नाम पर

आज कलकाता मे धर्म के नाम पर क्या नहीं हो रहा है। प्रत्येक सप्ताह विभिन्न देवी-देवताओं के नाम पर कीर्तन का आयोजन कर लाखों रुपए की होली हो रही है। अब यह कीर्तन, कीर्तन न रहकर व्यापार हो गया है। सजावट पर, छप्पन भोग पर, कलाकारों पर, बुफे पर एक-एक कीर्तन मंडली का लाखों रूपए का बजट होता है। कहाँ से आता है यह पैसा? मारवाड़ी समाज के अंधविश्वासी लोगों के पाकेट से ही निकलता है, यह पैसा! एक मंडल दूसरे मंडल से आगे बढ़ने की स्पर्धा में लाखों रुपए खर्च कर अपनी शान-शौकत का भौंडा प्रदर्शन करने में पीछे नहीं रहता है। क्या यही हिन्दु धर्म का स्वरूप रह गया है। अन्य समाज में यह सब क्यों नही होता। क्या धर्म का ठेका सिर्फ मारवाड़ी समाज ने ही ले रखा है? क्या ईश्वर आपको ही कहते हैं कि मेरे कीर्तन मे लाखों रूपए का अपव्यय करों अन्यथा मै तुम पर प्रसन्न नहीं होऊंगा। बंधुओं, ये खेल ज्यादा दिन नहीं चलने वाला। समय रहते कीर्तन के आयोजक चेतें वरना समाज तो क्या, ईश्वर भी आपको माफ नही करेगा।

– **रामगोपाल बागला**
मंत्री, प. बं. प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन
कोलकाता

मायड़ भाषा

आल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन रो चावो ठावो नाम सुण्यो। पण भाई अम्बूजी शर्मा सूँ पत्र द्वारा पतो लागो कि आप मासिक पत्रिका समाज विकास रो घणो महताऊ काम कर रिया हो। जिनमें मायड़ भाषा राजस्थानी का पाना भी राखो। आप मायड़ भाषा रै मानता पेटे ओ घणौ लांठो काम करो हो – आ जाणकर हरख है।

– **पं. राधेश्याम जोशी**
महामंत्री, सरस्वती काव्य एवं कला संस्थान, बीकानेर

चिट्ठी आई है

समय का तकाजा

धारणाऐं, मान्यताऐं या सिद्धांत जीवन का असली स्वभाव नहीं है, समय-समय पर परिस्थितिनुसार बदलाव भी लाना पड़ता है तभी सफलता प्राप्त होती है। हमारे समाज में अलग-अलग बड़ी-बड़ी शक्तियों व क्षमताओं का भण्डार है, पर उसका सही उपयोग हम नही कर पा रहें है व एकजूट होकर एक बड़ी शक्ति के रूप मे उभरकर नहीं आ पा रहें है।

असल में हम धारणओं व मान्यताओं के बोझ से इतना दब गयें हैं कि हम अपनी प्रतिभाओं व शक्तियों को नहीं पहचान पा रहें हैं। अपने चारों तरफ हमने इतने ताले जकड़ रखें हैं, जो कि इतने पुराने व जंग खा चुके है कि वे किसी भी चाबी से खुलनेवाले नहीं हैं, अब तो चोट से ही तोड़ना पड़ेगा, यही समय का तकाजा हैं। धन का अपनी जगह बहुत महत्व है, परन्तु लोक दिखावे, आड़म्बर व भोग विलासिता ही सफलता व सम्मान का अन्तिम पड़ाव नहीं है। हम सुसंस्कृति, खान-पान, रहन-सहन, सत्विक व सामाजिक दृष्टि से विश्व की श्रेष्ठ जाति में प्रथम स्थान रखते हुऐ भी पूर्ण सफल नहीं है व जैसी सराहना हमें मिलनी चाहिये इससे हम वंचित हैं। इसके कई कारण हैं क्योंकि हम हैसियत से ज्यादा दिखावा करते हैं। धार्मिक, सामाजिक वैवाहिक व अन्य कार्यक्रमों मे इसकी झलक देखने को मिलती है, इसी कारण हम लोगों के आखों की किरकिरी बनते हैं व पूर्ण सफलता व सराहना से दूर होते जा रहे है, साथ ही साथ हमें..... झूठे ही बदनाम भी किया जा रहा है। अभी भी समय है कि, अपने में बदलाव लाते हुऐ हमें जागना होगा तभी समाज शिखर पर पहुंच सकता है।

– **प्रमोद गोयनका**, कोलकाता

पढ़ने योग्य सामग्री

आपके द्वारा संपादित 'समाज विकास' के विगत चार माह के अंकों को पढ़ने का मौका मिला। ऐसा लगता है कि पत्रिका में आपने एक नया प्राण फूँक दिया है। वर्तमान पत्रिका में राजनीतिक, सामाजिक व कविताएँ एवं अन्य बहुत सी अच्छी सामग्रियाँ पढ़ने योग्य मिल रही है जिसे पढ़कर मेरी कलम भी वर्तमान परिस्थिति एवं समाज की कुरीतियों के ऊपर कुछ लिखने को चल पड़ी हैं। मुझे बड़ा आश्चर्य होता है कि मारवाड़ी समाज कोई भी कार्य दिखावे के लिए ही करता है, कोई दान धर्म या किसी की सहायता करता हैं तो पहले इस बात का अनुमान लगाता है कि मैं जो कार्य कर रहा हूँ उससे मुझे कितनी लोकप्रियता मिलेगी। यहाँ तक कि अपने माता-पिता के लिए भी कुछ करने के पहले उसे चैरिटी फंक्शन या अन्य संस्थाओं का विचार पहले आता है जहाँ उनकी तस्वीर छपती है। आज मारवाड़ी समाज जन्मदिन, विवाह-वर्षगाँठ जैसे कार्यक्रमों में जितना धन का दुरुपयोग कर रहा है। यदि उस धन का उपयोग समाज के अभावग्रस्त परिवार के बच्चों के विवाह व शिक्षा में उपयोग किया जाए तो बहु समाज के अभावग्रस्त परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा व जिन लड़कियों के विवाह करने में उनके माता-पिता धन के अभाव में असमर्थ है, उन्हें सहायता मिलेगी। ऐसा करने से सामाजिक संस्थाओं में तस्वीर भले ही ना छपें और लोकप्रियता भी ना मिले, तो भी आत्मशांति व जीवन सार्थक अवश्य होगा।

यदि मैनें अन्जाने में कुछ गलत कहा हो तो क्षमा करें परंतु मेरा सामूहिक रूप से धनी वर्ग से अनुरोध है कि वे उपरोक्त कथनों पर विचार अवश्य करें एवं उन्हें अपने जीवन में उतारने की कोशिश करें। मेरा उद्देश्य इस पत्र के माध्यम से किसी पर व्यंग्य कसना नहीं वरन् उस सोयी हुई मानसिकता एवं विवेक को जगाना है जिसके जागरण मात्र से ही इस समाज में क्रान्ति आ सकती है।

– **स्वाती अग्रवाल**, रिसड़ा, हुगली

बधाई

आपके द्वारा संपादित "समाज विकास" का कलेवर उत्तरोत्तर रोचक संवर्धित और सारगर्भित रहा है, अस्तु आपको अनेकानेक बधाई।

– **जगदीश प्रसाद पाटोदिया "चाँद"**
हावड़ा

टाटानगर गोपाष्टमी समारोह

३ नवम्बर एवं ४ नवम्बर को श्री टाटानगर गौशाला का वार्षिक अधिवेशन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष श्री मालीराम देवुका ने की और संचालन महासचिव श्री महेश चंद्र शर्मा ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे आधुनिक ग्रुप ऑफ स्टील के चेयरमेन श्री मनोज अग्रवाल एवं उदघाटनकर्ता श्री एच. एन. राम तथा राजस्थानी पत्रिका 'मरूधर' के सम्पादक डॉ. नरेश अग्रवाल। श्रोताओं को अपनी बुलन्द आवाज में शिवकुमार शर्मा ने प्रभावित किया। सभा का श्रीगणेश अध्यक्ष श्री मालीराम देवुका ने अपने स्वागत भाषण से किया। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी गौभक्तों का अभिनन्दन कर गौशाला के विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

सम्पादकीय

२०१२ क्या भारतीय अर्थव्यवस्था का "संकट वर्ष" होगा?

– सीताराम शर्मा

भारत के अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री डॉ० मनमोहन सिंह ने हाल ही में चेताया कि "अगर हमने कदम नहीं उठाये तो हम नीचे जा सकते है" (We also may go down)। वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी की भाषा भी अचानक बदली है। "युरोप में आर्थिक संकट अब एक संभावना ही नही बल्कि एक सच्चाई है, इस परस्पर निर्भर वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में हम उससे अछूते नहीं रह सकते।" अचानक भारत की उजली आर्थिक छवि कुछ धुंधली नजर आने लगी है। विकास दर पहली बार सात से नीचे आयी हैं। डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर हुआ है। कम्पनियों के तिमाही नतीजे निराशाजनक है। स्टील, सीमेन्ट सभी में मन्दी है। एक जाने-माने रुपयों के दलाल ने कहा, दस में से सात पुर्जे की तारीख बदलवा रहे है यानि समय पर उधार नही चुका पा रहे है।

राजनैतिक संकटों एवं भ्रष्टाचार से उलझी केन्द्रीय सरकार कोई निर्णय नहीं ले पा रही है। खुदरा व्यवसाय में निवेश के मामले में मनमोहन सिंह सरकार की किरकिरी हुई तथा पेन्सन आदि महत्वपूर्ण विलों पर एक अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आन्दोलन को प्राप्त विपुल जनसमर्थन सरकार की लोकप्रियता पर प्रश्न खड़ा करता है तथा सरकार कोई भी ठोस कदम उठाने में सक्षम प्रतीत नहीं होती। संसद की कार्यवाही ठप्प पड़ी है। सरकार की निष्क्रियता के सम्बन्ध में पहली बार देश के शीर्षस्थ उद्योगपतियों – रतन टाटा एवं मुकेश अम्बानी ने खुले वयान देकर अपनी असहमति एवं नाराजगी व्यक्ति की है। भ्रष्टाचार एवं लोकपाल बिल के प्रश्न पर सरकार उलझती नजर आ रही है। सरकार महत्वपूर्ण राजनैतिक एवं आर्थिक प्रश्नों पर आम सहमति तैयार नहीं कर पा रही है। प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पर पहली बार अंगुली उठ रही है। कई वरिष्ठ पत्रकारों ने स्पष्ट रूप से नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा करते हुए प्रणव मुखर्जी को प्रधान मंत्री का भार देने का सुझाव अपने कई लेखों में किया है।

आम आदमी कमरतोड़ महंगाई से ग्रसित है एवं इस महंगाई को रोकने में सरकार पूर्णतया विफल रही है। रिजर्व बैंक ने महंगाई पर अंकुश लगाने के लिये ब्याज दर में आधे-दर्जन से अधिक बार छोटी-बड़ी वृद्धि की है। नतीजतन महंगाई तो रुकी नही, महंगा पैसे के चलते उद्योग पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अब रिजर्व बैंक अपनी नीतियों में पुनः परिवर्तन कर रहा है – इससे प्रतीत होता है कि सरकार एक सोची समझी नीति के बजाय विभिन्न प्रयोग कर रही है। डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातर गिरावट भी सरकार एवं रिजर्व बैंक की असफलता है। काले धन के प्रश्न पर भी सरकार की विश्वसनियता पर प्रश्न उठ रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक २००० से २००८ के बीच भारत से पूंजी पलायन की राशि देश के कुल उत्पाद की १६ प्रतिशत है जो करीबन १२५ बिलियन अमेरिकन डालर के बराबर है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार २०१२ का वर्ष २००८ के आर्थिक संकट से भी बड़े संकट का होगा। मिली-जुली केन्द्रीय सरकार अपने बड़ों घटकों – टीएमसी, द्रमुख आदि को साथ लेकर न केवल राजनैतिक बल्कि आर्थिक नीतयों पर भी जरूरी कदम नहीं उठा पा रही है। सरकार की छवि एक कमजोर सरकार की है जिससे प्रभावशाली एवं कारगर कदम उठाने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। •



Heartiest Greetings of
DEEPAWALI
to all our well wishers
GANAPATI BALAJI SPINNING MILLS PVT. LTD.
SONEPUR, ORISSA
(Manufacturer of Quality Yarn)
Office : 7, Ganesh Chandra Avenue, 3rd Floor, Kolkata-700 013
21, Camac Street, 9th Floor, Bell's House, Kolkata - 700 016
Phone : 2225 1435-38, 2221 6717, Fax : (033) 2211 0437
Mobile : 9830021565, E-mail : ganapati_balaji@yahoo.co.in

अध्यक्षीय

"म्हारो लक्ष्य राष्ट्र की प्रगति"

– हरि प्रसाद कानोड़िया

नये वर्ष की राम राम एवं शुभकामनाएं।

पूर्वजो की दुरदर्शिता, संगठन की भावना, कार्यवत्त करने की क्षमता हमारे लिये प्रेणादायक है। उनकी देश भक्ति समाज सेवा, आदर्श हमारे लिये शक्तिप्रदायक है। ७६ वर्ष पहले सन् १९३५ में सम्मेलन को स्थापना हुई। उस समय ब्रिटिश सरकार द्वारा एक ह्वाइट पेपर प्रकाशित किया गया था। उस पेपर में यह लिखा था कि जो देसी राज्यों की प्रजा है, उसे ब्रिटिश राज्य की प्रजा के अधिकार नहीं दिये जायेंगे। इस बिल के आते ही तत्कालीन पूरे मारवाड़ी समाज में खलबली मच गई। क्योंक मारवाड़ी समाज उस समय राजपुताना की विभिन्न देसी रियासतों का हिस्सा माना जाता था। सिर्फ पूरे देश मे एक मात्र राजपुताना क्षेत्र ही था, जहां देशी राज्य कायम था। इस बिल से प्रवासी मारवाड़ी समाज में सीधें तौर पर प्रभावित होने की सम्भावना बन गई। यदि मारवाड़ी समाज को देशी राज्यों का नागरिक करार कर दिया जाएगा तो उसका अन्य भागों में नागरिकता का अधिकार समाप्त हो जाएगा। मारवाड़ी समाज अपने को असुरक्षित समझने लगा, उसी समय हमारे समाज के कुछ शुभचिंतको ने जैसे स्व० ईश्वर प्रसाद जालान, स्व० काली प्रसाद खेतान, स्व० बद्रीदास गोयनका, स्व० घनश्यामदास बिड़ला, स्व० देवी प्रसाद खेतान आदि ने इस बिल को गंभीरतापूर्वक लिया और बिल को संशोधित करने के लिये और देश के समस्त मारवाड़ियों को एक जगह संगठित करने के लिए सन् १९६५ में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का गठन किया।

देश की स्वतंत्रा के लिये मारवाड़ियों ने तन मन धन से हिस्सा लिया। कितनी ही यातनायें सही फिर भी निडर रहे। श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार एक अवसरनीय व्यक्ति थे। इंग्लिस कम्पनी में काम करते थे। अस्त्रों की पूरी जहाज विप्लव को सौंप दी। जेल गये, यातनाए भी सही। फिर भी हार नहीं मानी। दादा-दादी की आवाज उनके कानों मे गूंज रही थी – 'मन के हारे हार'। उन्हेंने गीता–प्रेस की स्थापना की और संसार को ज्ञान देने मे लग गये। ज्ञान दान सबसे बड़ा धर्म है। उस समय यातायात की सुविधा नहीं थी। आज की तरह संचार के साधन भी नहीं थे। सेठ चोखानी, सेठ जमुनालाल बजाज व अन्य समाज के व्यक्तियों के सहयोग से समाज का संगठन किया। कार्यकर्ताओं के सहयोग से समाज की कई कुरीतियों को हटाने में मदद मिली। बालविवाह, पर्दाप्रथा, और भी कोई बुरी प्रथा का खत्म हुआ। बालिकाओं को भी शिक्षा प्राप्त होने लगी। दहेज के प्रति भी जागरूकता हुई। आज दहेज का आवरण अनेक रूपों में आ गया है। शादी-विवाह में फिजूलखर्ची एवं आडम्बर आदि समाज की आत्मा को झंकारती है। सभी एक दूसरे पर अंगुली उठाते है। परन्तु समाज का कोई भी शेर आगे बढ़ कर अपने घर से रोक नहीं लगाता। एक कहावत है कि दान अपने घर से शुरू होता है। कहावत है पहले स्वयं पर नियंत्रन करें फिर समाज में पहल करें। हमें जोर-जबरदस्ती करके नहीं, लोगों के अंदर चेतना जगा कर इसे नियंत्रित करना है। हमें अपने संगठन को मजबूत करना है। हमें दुःख है, कि हमारे देश मे पांच करोड़ से अधिक परिवार मारवाड़ी समाज के है। परन्तु सदस्य नगण्य है। संगठन के माध्यम से ही हम देश में आवाज उठा सकते है। राजनीति में भी आगे बढ़ सकते है। राजनीति में हम अपने समाज के लोगों को भेज सकते है। सभी व्यक्ति अधिक से अधिक सदस्य बनाये जिससे हमारा संगठन मजबूत होगा।

कहते है कि सागर का मन्थन करने से अमृत और माता लक्ष्मी प्रकट हुई। उसी प्रकार युवा अपनी शक्ति का स्वयं मन्थन करें। अपने गुणों को धारण करें और अवगुणों कों दूर करें। बाबा भोले, श्री राम और श्री कृष्ण को अपना आदर्श बनाए।

नारी शक्ति को भी हमें पहचानना है। हम उच्च शिक्षा देने लगे है। लड़के और लड़कियों में समानता रखनी है। लड़कियां आपने भाग्य से आती है। ईश्वर कर्मप्रधान करके, सेवा और प्रेम की आदर्श स्थापना करने के लिये उन्हें भेजता है। सम्मेलन ने उनकी शक्ति को जागृत करने अपना संगठन बनाने की स्वतंत्रता दी है। दोनों संगठन एक दूसरे की शक्ति को समझते हुए सम्मेलन के कार्य को आगे बढ़ाये। फिजुल खर्च, आडम्बर और दहेज को नारी शक्ति ही रोक सकती है। वे इसमें सादगी ला सकती है। माता, लक्ष्मी का रूप लेकर धन को सही दिशा देने में सक्षम होती है।

शिक्षा अति आवश्यक है। पूर्व में ब्राह्मण शस्त्र, अस्त्र विद्या में निपुण हुआ करते थे। विद्यार्थियों को सादगी जीवन की पूर्ण रूप से शिक्षा देते थे। उच्च शिक्षा भी आवश्यक है। आज के समय में अर्थ के अभाव मे उच्च शिक्षा नहीं मिल पाती है। यह सभी व्यक्ति और समाज के लिये विचारणीय है। आपके सम्मेलन ने इस उदेश्य से एक उच्च शिक्षा कोष की स्थापना की है। आप भी इस योग में सहयोग दे।

सम्मेलन का स्थापना दिवस मना कर हम अपने कर्तव्यों को याद एवं पालन करने का प्रयास करते है। आने वाले नये साल के लिये सभी को पुनः राम राम और शुभकामनाएं। ●

BRCM Public School, Gyankunj

Established in 1987, to address the need for a high-quality English-medium school, for around 100 villages surrounding Bahal, affiliated to CBSE, the school has been an inspiration for many other such projects that have come up in the region.

BRCM Public School, Vidyagram

Established in 1991, a premier Co-education Residential School from class IV to XII, affiliated to CBSE, and is a member of the Indian Public School Conference (IPSC). It has students from all over India

BRCM College of Engineering and Technology

The college started taking in engineering under-graduates students from August 1999. The college has a student strength of around 1200, is duly approved by the AICTE & Govt. of Haryana and is affiliated to M.D. University, Rohtak, for 4-year Bachelor of Engineering (B.E.) course in the following streams:

- Computer Science & Engineering
- Information Technology
- Electronics & Communication Engineering
- Mechanical Engineering
- Electrical Engineering
- Civil Engineering

GDC Memorial College

A unit of Hari Krishna Chaudhary Foundation is a co-educational general degree college. It has been established to provide modern value based education to the youth of rural areas surrounding Bahal. GDC aims to assist students in realizing their inherent potential and thus meet the challenges of modern society

- B.A (Bachelors of Arts)
- B.Sc. (Bachelor of Science)
- B.Com. (Bachelor of Commerce)
- BCA (Bachelor of Computer Application)

BRCM College of Engineering & Technology
Vidyagram, Bahal 127028, Dist. Bhiwani, Haryana. Ph: +91 1255 265101-104
Fax: +91 1255 265105/265217. Email: infocollege@brcm.edu.in. Website: www.brcm.edu.in

BRCM Public School, Vidyagram
Vidyagram, Bahal 127028, Dist. Bhiwani, Haryana. Ph: +91 1255 265101-104
Fax: +91 1255 265105/265217. Email: infoschool@brcm.edu.in. Website: www.brcm.edu.in

BRCM Public School, Gyankunj
Bahal 127028, Dist. Bhiwani, Haryana. Telefax: +91 1255 265128.
Email: brmgyankunj@brcm.edu.in. Website: www.brcm.edu.in

GDC Memorial College
Bahal 127028, Dist. Bhiwani, Haryana. Ph: +91 1255 216099, 265 056
Email: collegegdc@gmail.com

Regd. Office: Tobacco House, 4th Floor, 1 Old Court House Corner, Kolkata 700 001, INDIA
Ph : +91 33 22307299 (4 lines), Fax : +91 33 22484881

वर्ष-व्यापी लगातार कार्यक्रम

– **सन्तोष सराफ**, राष्ट्रीय महामंत्री

सर्वप्रथम मैं सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आनेवाले नए वर्ष के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ एवं आशा करता हूँ कि नव वर्ष आप सभी के लिए मंगलमय हो। इसी के साथ मैं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के वर्तमान सत्र के अध्यक्ष श्री हरि प्रसाद जी कानोड़िया, जिन्होंने २१ नवम्बर को नागपुर में आयोजित सम्मेलन की बैठक में निर्विरोध अध्यक्ष पद संभालने के उपरांत ३० जनवरी २०११ को पटना में आयोजित सम्मेलन के २२वें राष्ट्रीय अधिवेशन में मुझे महामंत्री बनाया व अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की। तब से लेकर अब तक सम्मेलन के व्यापक कार्यों का लेखा-जोखा यहां प्रस्तुत कर रहा हूँ।

विदित हो कि पटना में आयोजित सम्मेलन के २२वें राष्ट्रीय अधिवेशन, जिसका उद्घाटन बिहार के पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव ने किया था, इसी अवसर पर भंवरमल सिंघी समाज सेवा पुरस्कार के लिए रांची के श्री भागचन्द पोद्दार एवं सीताराम रुंगटा राजस्थानी भाषा साहित्य पुरस्कार के लिए रतनगढ़ निवासी श्री सीताराम महर्षि को सम्मानित किया गया। साथ ही संगठन के एक पुराने कर्मचारी मथुरा सिंह को भी उनकी सेवा-भावना के लिए सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर राजस्थानी भाषा को बढ़ावा देने के लिए श्री केसरीकांत शर्मा "केसरी" द्वारा लिखित पुस्तक 'सीखो राजस्थानी व्याकरण' का एस. आर. रुंगटा ग्रुप चाईबासा की ओर से लोकार्पण भी किया गया।

२० फरवरी को सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हरि प्रसाद कानोड़िया की अध्यक्षता में सम्मेलन की सर्वोच्च नीति निर्धारण समिति अखिल भारतीय समिति की हिन्दुस्तान क्लब में एक बैठक हुई जिसमें सभी प्रांतों को लेकर एकल सदस्यता पर चर्चा हुई। दिखावा, आडंबर आदि को रोकने के लिए सतत प्रयास पर बल दिया गया तथा समाज सुधार का भार मारवाड़ी युवा मंच एवं महिला सम्मेलन के सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा ने सम्मेलन द्वारा पूर्व में लागू की गयी वैवाहिक आचार संहिता में कुछ संशोधन के बाद पुनः जारी करने का प्रस्ताव दिया, जो सर्वसम्मति से पारित हुआ। शादी आदि के कार्डों पर हो रहे बेवजह के खर्चों को रोकने के लिए भी सकारात्मक कदम उठाने का आह्वान किया। राजस्थानी भाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रकाशित पुस्तक सीखो राजस्थानी व्याकरण के पुनर्प्रकाशन की जिम्मेवारी एस. आर. रुंगटा ग्रुप चाईबासा ने अपने हाथों में ली।

शिक्षा में अतुलनीय योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा "पद्म श्री" प्राप्त करने वाले शिक्षा प्रेमी श्री मामराज अग्रवाल एवं फिलासफी के क्षेत्र में श्रीलंका विश्वविद्यालय द्वारा महानगर में चिली के वाणिज्य दूत श्री जुगल किशोर सराफ को डाक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकरण के पश्चात् अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से २६ फरवरी २०११ को हिन्दुस्तान क्लब में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

२६ मार्च २०११ को कोलकाता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक से पूर्व ९ मार्च को भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्ली में आमरण अनशन पर बैठे अन्ना हजारे एवं उनके समर्थकों के समर्थन में महाजाति सदन से धर्मतल्ला स्थित गांधी मूर्ति तक निकली महारैली में सम्मेलन के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

नेपाल में एक व्यवसायी की हत्या पर रोष जताते हुए सम्मेलन के पदाधिकारियों ने कोलकाता में नेपाल के कौंसुल जनरल से मुलाकात कर वहां के व्यवसायियों को सुरक्षा दिलाने की मांग की।

स्थायी समिति के बैठक में विचार विमर्श करते सम्मेलन के पदाधिकारी।

उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा श्री सीताराम शर्मा का शाल एवं पुष्पगुच्छ द्वारा अभिनन्दन।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा समाज सुधार प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए।

बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर समाज में राजनैतिक चेतना एवं मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर १६ अप्रैल को "मतदान का महत्व" विषय पर एक संगोष्ठी हुई। इसके तहत महानगर के विभिन्न इलाकों में "समाज को जगाना है वोट देने जाना है" के बैनर व होर्डिंग्स लगाए गए। एसएमएस के माध्यम से भी इस अभियान को जारी रखा गया।

१४ जून २०११ को कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान ही सम्मेलन की सर्वोच्च नीति निर्धारक अखिल भारतीय समिति के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हो गयी, सभी सदस्यों को बैलेट पेपर भेजे गए। १० जुलाई २०११ को सम्मेलन भवन में मतगणना होनी थी लेकिन इस बीच सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री नंद किशोर जालान का ८ जून २०११ निधन हो गया। स्व. जालान को श्रद्धांजलि देने के लिए ११ जून २०११ को मर्चेन्ट चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सभागार में एक सार्वजनिक शोक सभा को आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सम्मेलन अध्यक्ष श्री हरि प्रसाद कानोड़िया ने की।

२५ जून २०११ को सम्मेलन की ओर से कोलकाता में हरियाणा के राज्यपाल श्री जगन्नाथ पहाड़िया का सम्मान किया गया। इसी अवसर पर ऐवरेस्ट विजयारोही झारखंड निवासी श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल का भी सम्मान किया गया। एवरेस्ट फतह के लिए सम्मेलन की ओर से महामहिम पहाड़िया ने श्रीमती अग्रवाल को सम्मेलन का स्मृति चिह्न भेंट किया तथा सम्मेलन के अध्यक्ष श्री हरि प्रसाद कानोड़िया ने २१ हजार रुपए की धनराशि का चेक प्रदान कर ऐवरेस्ट विजयारोही का सम्मान किया।

इस अवसर पर "बदलते सामाजिक व नैतिक मूल्य" विषयक गोष्ठी के संदर्भ में महामहिम श्री जगन्नाथ पहाड़िया ने मारवाड़ी समाज के कार्यों की सराहना करते हुए समाज में धन-दौलत का दिखावा न करने एवं अपनी संस्कृति को बरकरार रखने की नसीहत दी। सम्मान से अभिभूत श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल ने भी समाज के कार्यों व योगदानों की सराहना की।

२७ जून को उच्च शिक्षा समिति के सदस्यों की एक बैठक समिति के चेयरमैन श्री प्रहलाद राय अग्रवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई। १३ जुलाई को उच्च शिक्षा समिति के सदस्यों की बैठक सभापति श्री हरि प्रसाद कानोड़िया के अलीपुर आवास में हुई।

१६ जुलाई को सम्मेलन की सर्वोच्च नीति निर्धारक अखिल भारतीय समिति के सदस्यों के चुनाव हेतु प्राप्त मतों की गणना अमहर्स्ट स्ट्रीट स्थित सम्मेलन भवन में चुनाव अधिकारी श्री संजीव कड़ेल के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। २५ जुलाई २०११ को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कोलकाता चैम्बर ऑफ कॉमर्स में सम्पन्न हुई।

१० अगस्त २०११ को समाज सुधार उप समिति की बैठक कमेटी के अध्यक्ष श्री जेके सराफ के निवास पर हुई। बैठक में समाज सुधार की दिशा में कदम उठाते हुए महंगे कार्डो को रोकने पर चर्चा हुई।

१३ अगस्त को हसनाबाद अंचल के बाढ़ पीड़ितों हेतु मदद के लिए २० कार्टून बिस्कुट भेजे गए। १५ अगस्त २०११ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामअवतार पोद्दार ने सम्मेलन भवन में झंडोत्तोलन किया। २० अगस्त को सम्मेलन भवन में नवगठित स्थायी समिति की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामअवतार पोद्दार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस बीच सम्मेलन के १४वें प्रांत के रूप में उत्तराखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का गठन हुआ। इसके प्रांतीय अध्यक्ष श्री रंजीत कुमार जालान तथा प्रांतीय महामंत्री श्री रंजीत कुमार टिबड़ेवाल बने है।

३ सितम्बर २०११ को सम्मेलन की सर्वोच्च नीति निर्धारक अखिल भारतीय समिति की नवगठित कमेटी की प्रथम बैठक उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में भुवनेश्वर में सम्पन्न हुई। बैठक में एकल सदस्यता, सदस्यता बढ़ाने एवं शाखा विस्तार तथा समाज सुधार सहित विविध मुद्दों पर चर्चा हुई।

स्वतंत्रता दिवस पर सम्मेलन भवन में झण्डोत्तोलन करते हुए सम्मेलन के उप-सभापति श्री राम अवतार पोद्दार

श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल को संस्था का स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित करते हुए हरियाणा के राज्यपाल श्री जगन्नाथ पहाड़िया।

२४ सितम्बर २०११ को सीटीसी हॉल में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमें वित्त वर्ष २०१०-११ का वार्षिक लेखा-जोखा पारित हुआ तथा आगामी वर्ष के लिए पुनः श्री पी के लिल्हा को ऑडिटर नियुक्त किया गया।

२५ सितम्बर २०११ को राजस्थानी भाषा उप समिति के सदस्यों की बैठक हिन्दुस्तान क्लब में सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार पर व्यापक चर्चा हुई।

राज्य के पर्यटन मंत्री श्री रछपाल सिंह के आह्वान पर दुर्गापूजा के मद्देनजर २७ सितम्बर २०११ को सम्मेलन अध्यक्ष श्री हरि प्रसाद कानोड़िया के सहयोग से तारकेश्वर अंचल के गरीबों में एक हजार नयी साड़ियों का वितरण किया गया।

८ नवम्बर २०११ को सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं स्थायी समिति की एक संयुक्त बैठक अध्यक्ष श्री हरि प्रसाद कानोड़िया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एकल सदस्यता लागू किये जाने एवं सम्मेलन भवन के निर्माण पर चर्चा हुई।

१ दिसम्बर को संविधान संशोधन उपसमिति की बैठक हुई। उपसमिति के अध्यक्ष श्री नंदलाल सिंघानिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सम्मेलन के अंग्रेजी नाम "आल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन" एवं "लोगो" के पंजीकरण करवाने का निर्णय लिया गया। एकल सदस्यता एवं सम्मेलन के दूरांचलों में विस्तार पर भी चर्चा हुई। साथ ही साथ वर्तमान सत्र के लिए चार और नामों का चयन किया गया – श्री रामअवतार पोद्दार, श्री विजय गुजरवासिया, श्री गोपाल अग्रवाल एवं श्री गोविन्द प्रसाद डालमिया। इसी दिन हन्दुस्तान क्लब में भवन निर्माण उपसमिति की भी बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता की उप-समिति के अध्यक्ष श्री द्वारिका प्रसाद डाबरीवाल ने। श्री डाबरीवाल ने बताया कि म्यूटेशन का कार्य पूरा हो चुका तथा भवन निर्माण का नक्शा शीघ्र आर्किटेक्ट से बनवाकर पास करवाने के लिए भेजा जाएगा। श्री सीताराम शर्मा ने कहा कि नक्शा बनवाकर कॉरपोरेशन से पास करवाना पहली अनिवार्यता है उसके बाद भवन के बजट, सफाई एवं अग्निशमन आदि की व्यवस्था।

२ दिसम्बर २०११ को संगठन उपसमिति की बैठक हुई। हिन्दुस्तान क्लब में आयोजित इस बैठक में संगठन उपसमिति के अध्यक्ष श्री कमल नोपानी ने एकल सदस्यता शुरू करने एवं संस्था के विस्तार पर जोर दिया। सम्मेलन अध्यक्ष श्री हरि प्रसाद कानोड़िया, कोषाध्यक्ष श्री आत्माराम सोंथलिया एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामअवतार पोद्दार ने सदस्यता बढ़ाने के लिए दूर-दराज के दौरे का सुझाव दिया। पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा ने श्री नोपानी से आग्रह किया कि संगठन की मजबूती के लिए जनवरी से जून २०११ तक के ६ माह व्यापी कार्यक्रम की रुपरेखा बनाकर दें ताकि प्रांतों को भेजी जा सके। तदोपरांत सदस्यता उपसमिति की बैठक भी सम्पन्न हुई, अध्यक्षता की उपसमिति के अध्यक्ष श्री विश्वनाथ भुवालका ने। मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने महानगर एवं आस-पास के अंचलों में नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाने का प्रस्ताव दिया। सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा ने कहा कि लक्ष्य १०,००० सदस्य बनाने का है।

इससे पूर्व २८ नवम्बर को सीताराम रुँगटा राजस्थानी भाषा साहित्य पुरस्कार निर्णायक मंडल की बैठक में उपसमिति के अध्यक्ष श्री रतन शाह, श्री सीताराम शर्मा, श्री रामअवतार पोद्दार, श्री नथमल केडिया एवं श्री जुगल किशोर जैथलिया की सर्वसम्मति से राजस्थानी त्रैमासिक पत्रिका 'वरदा' के सम्पादक एवं वयोवृद्ध साहित्यकार डॉ उदयवीर शर्मा को पुरस्कार हेतु चयन किया गया। ●

हरियाणा के राज्यपाल श्री जगन्नाथ पहाड़िया को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते सम्मेलन सभापति श्री हरिप्रसाद कानोड़िया।

With Best Compliments From :

M/S. PARK CHAMBERS LTD.



3/1, Dr. U.N. Brahmachari Street
Kolkata - 700017
Phone : 2287 1221 - 1224
Fax : 22873904
Email : pci@surekaproperties.com
Website- www.surekaproperties.com

सम्मेलन के प्राण पुरुष स्व. ईश्वरदास जालान



"इस समय देश को अपनी आर्थिक अवस्था सुलझानी है। उसे सुलझाने में व्यापारी समाज बहुत कुछ सहायक सिद्ध हो सकता है, परन्तु इसमें त्याग की आवश्यकता होगी। अनुचित लाभ से मुंह मोड़ना होगा। उचित रास्ते पर चलकर सरकार को भी उचित नीति का आश्रय लेने के लिए बाध्य करना होगा। परन्तु व्यापारी समाज जब तक अपने को ठीक रास्ते पर नहीं लाता है, तब तक सरकार के उपर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अपने कल्याण के लिए एवं देश के कल्याण के लिए ऐसा करना नितान्त आवश्यक है।"

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष

१९३५-१९३८

भूतपूर्व अध्यक्ष
स्व. राय बहादुर रामदेव चोखानी

"जिस महान एवं पवित्र उद्येश्य को लेकर हमलोग यहां उपस्थित हुए हैं वह उद्येश्य है सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज का सामूहिक संगठन, ऐसा संगठन जो समाज में नवजीवन का संचार करनेवाला हो, उसके कार्यकर्त्ताओं में उल्लास, संजीवता एवं कर्मोद्यम का भाव भरनेवाला हो और जिसमें समाज की विभिन्न शाखाएं सम्बद्ध हो, अपने जातीय हित और उससे भी वृहत्तर सम्पूर्ण देश के स्वार्थ सम्बन्ध रखनेवाले समस्त प्रश्नों पर विचार करें और अपना कर्त्तव्य स्थिर करें।"

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष

१९३८-१९४०

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. पद्मपत सिंघानिया

"समाज की समस्या वर्षो से हमारे सामने है और हम उस पर विचार कर रहे हैं। किन्तु यह विषय इतना विवादास्पद है कि हमने आपस में कहीं तर्क – वितर्क किया भी हो, पर खास ध्यान आकर्षित करना उचित नहीं प्रतीत होता। मैं उसे भविष्य के लिए छोड़ देता हूं। किन्तु यह चेतावनी दे देना भी जरूरी समझता हूं कि हम चाहें अथवा नहीं, सामाजिक समस्या का निकट भविष्य में सामना करना ही पड़ेगा।"

१९४०-१९४१

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. बद्रीदास गोयनका

"मैं समाज के सभी लोगों से यह अनुरोध करता हूं कि सामाजिक अवसर पर वे अपने खर्च को उचित सीमा के बाहर न जाने दें। मेरा यह अनुरोध केवल उन्हीं से नहीं है जिनके पास धन का अभाव है वरन मैं उन लोगों से भी अनुरोध करता हूं कि जिनके पास प्रचुर धन है, क्योंकि यह मानव स्वभाव है कि दूसरी श्रेणी की देखादेखी पहली श्रेणी के लोग अपनी सीमित आर्थिक अवस्था के बावजूद दिखावे और आडम्बर में उनकी नकल कसने को आतुर दिखाई देते हैं।"

१९४१-१९४३

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. रामदेव पोद्दार

"हमारा राजनैतिक स्वार्थ और भारत का राजनैतिक स्वार्थ एक है। मैं जातियता का पक्षपाती नहीं हूं इसलिए अपनी जाति के लिए विशेष अधिकार प्राप्त करने की अभिलाषा नहीं रखता। जिस कार्य में भारत का हित है उसी कार्य में भारत की प्रत्येक जाति का हित है। मेरे कहने का मतलब यह है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का आदर्श राष्ट्रीय है।"

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष

१९४३-१९४७

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. रामगोपाल जी मोहता

"आज पूंजीपतियों के द्वारा जो शोषण का सिलसिला जारी है उसके विरुद्ध मानो भगवान ने जो गीता में कहा है उसी प्रतिज्ञा की पूर्ति के लिए समाजवाद और साम्यवाद प्रकट हो रहे हैं। हमको अपना रवैया बदलना होगा, अपनी योग्यता को कर्त्तव्य कर्मो के द्वारा लोक सेवा में लगाना होगा। सबके सहयोग से प्राप्त किये हुए धन को विश्व की सम्पत्ति समझना होगा, तभी सब सुख शान्तिपूर्वक जीवित रह सकेंगे।"

१९४७-१९५४

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. बृजलाल बियाणी

"समाज की प्रगति और विकास पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। हमारा समाज प्राचीनता के बोझ से अभी तक दबा हुआ है....। मारवाड़ी सम्मेलन आज तक सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कुछ अंश तक अलिप्त रहता आया है, पर अब समय आ गया है कि हमारा यह सम्मेलन अपनी इस अलिप्तता या उपेक्षा को त्याग कर सामाजिक सुधार के काम में तत्परता से लग जाए। इस सम्मेलन का सम्भवतः यह एक प्रधान कार्य भी हो। यदि हम समाज के सामाजिक रूप को समय के अनुरूप बना दें तो काफी सहूलियतें हो सकती है।"

१९५४-१९६२

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. सेठ गोविन्द दास मालपानी

"ऐसा लगता है कि आज प्रत्येक व्यक्ति धन के पीछे दिवाना हो गया है और इस प्रयास में है कि कैसे ही एक साथ धनी बना जाय। कुछ लोगों ने इसका तरीका निकाला है–विवाह में मोटा दहेज लेना। प्रत्येक व्यक्ति अपनी पुत्री का विवाह धन सम्पन्न परिवार में करना चाहता है। मैं समझता हूं कि "टका धर्म" के कारण ही दहेज प्रथा आज उग्र रूप धारण कर रही है। यदि हम इसे हटाना चाहते है तो हमें "टका धर्म" को अलविदा कर देना है।"

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष

१९६२-१९६६

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. गजाधर सोमानी

"सम्मेलन ने सदैव समाज को यह परामर्श दिया है कि जो भाई बहन भिन्न-भिन्न प्रांतों में या राज्यों में बसे हैं, उन्हें वहां का नागरिक माना जाए, उन्हें वहां के सामाजिक जीवन में पूरी तरह समरस हो जाना चाहिए।" "पर्दा–प्रथा से महिला समाज को छुटकारा दिलाने में सम्मेलन ने बंहुत बड़ा काम किया है और अब सामाजिक चेतना का इसमें संचार करना समाज के हित के लिए आवश्यक हो गया है।" "दहेज की बढ़ती हुई बीमारी की समस्या क्षय रोग की तरह हमारे गृहस्थ जीवन का विनाश कर रही है"।

१९६६-१९७४

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. रामेश्वरलाल टांटिया

"हमारे समाज में अपव्यय और धन के प्रदर्शन की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, जो न तो स्वस्थ है और न वांछनीय ही। मितव्ययिता और सादगी हमारे पूर्वजों का मुख्य गुण रहा है और इसी के बल पर हम विभिन्न अंचलों में प्रगति कर सके। इन अनर्गल प्रदर्शनों के कारण स्थानीय लोगों में हमारे प्रति रोष ओर द्वेष की भावना बढ़ती जा रही है। यदि समय रहते हम नहीं चेते तो इसकी भयंकर प्रतिक्रिया होगी।"



१९७४-७६ एवं १९७६-७९

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. भंवरमल सिंधी

वास्तव में मारवाड़ी समाज ने व्यवसाय एवं संपत्ति संग्रह को ही सम्पूर्ण लक्ष्य बनाकर अपने जीवन को जिस तरह ढ़ाल लिया, उससे वह अपने मूल राजस्थानी स्वरूप से विलग हो गया और अब तो राजस्थान में रहनेवाले लोग भी और बाहर जाकर शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति आदि क्षेत्रों में काम करने वाले राजस्थानी विद्वान और विचारक भी अपने को मारवाड़ियों में शामिल करने या इस रूप में ही परिचय कराये जाने में संकोच का अनुभव करते हैं। इसलिये आज अधिकांश लोगों की नजरों में मारवाड़ी जाति राजस्थानी नहीं, व्यवसायी जाति के रूप में ही परिचित होती है।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष



१९७९-१९८२

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. मेजर रामप्रसाद पोद्दार

"भारतीय परम्परा त्याग, बलिदान, सेवा एवं प्रेम पर आधारित रही है। हमने इतिहास में उन लोगों की पूजा की है जिन्होंने अपने स्वार्थ को परहित के सामने गौण समझा है। हमारे पूर्वजों की इस धरोहर को अक्षुण्ण रखते हुए सर्वांगीण विकास करना है। कोई चीज पुरानी होने से ही त्याज्य नहीं हो जाती बल्कि उसका सही मूल्यांकन कर हमें एक स्वस्थ समाज की रचना करनी है। लेकिन जिन मूल्यों एवं मानदण्ड के आधार पर आज हमने प्रगति की और अपनी एक विशिष्ट पहचान पायी है उनमें इधर कुछ कमी आयी है। इसका असर पूरे समाज पर पड़ा है। हमारे समाज का सबसे बड़ा शत्रु है दिखावा एवं आडम्बर जिसने पूरे समाज की कमर तोड़ दी है।"



१९८२-८६,९३-९७ एवं ९७-२००१

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. नन्दकिशोर जालान

"कार्य करना एक ओर है तो दूसरी ओर नई समस्याओं का आकलन और उनका सामना, उनसे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। ऐसे अनेक क्षेत्र हैं जहां आज भी विकास अवरुद्ध है और उन क्षेत्रों में इस प्रक्रिया को प्रारंभ करना है। उच्च शिक्षित, विवाहित युवकों द्वारा किसी भी बहाने पत्नी को छोड़ने की समस्या, तलाकशुदा स्त्रियों एवं विधवाओं से विवाह के प्रति युवक मानस की कुंठा, विगत धंधों से निष्कासित हजारों परिवारों के लिए नये व्यवसाय धंधे की खोज, धार्मिक अंधविश्वास में आज भी लाखों रूपयों का स्वाहा होने को रोकना एवं देश की विभिन्न नीतियों में आ रहे परिवर्तन के प्रति आवश्यक सजगता व संवेदना की कमी, सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रहे दहेज व प्रदर्शन की क्षुधा जिसमें युवक समुदाय की शै कम होने के बदले बढ़ती लगती है, आदि अनेक ऐसे प्रश्न हैं जिससे समाज को जूझना है। और इस कार्य के लिए सम्मेलन जैसी संस्था की उपयोगिता और आवश्यकता स्वयं उद्घोषित है।"



१९८६-१९८९

भूतपूर्व अध्यक्ष श्री हरिशंकर सिंघानिया

"दानशीलता हमारे समाज की विशेषता रही है। लेकिन नैतिक मूल्यों को आधार बनाकर चलने वाला समाज नैतिक स्तर से गिर रहा है। यह एक विचित्र सामाजिक विडंबना है। सम्मेलन के मंच से बराबर सामाजिक कुरीतियों एवं रूढ़ियों के विरूद्ध प्रस्ताव पास किये जाते रहे हैं, लेकिन समस्याएं कहीं कम हुई हैं तो कहीं और बढ़ गई है। फिजूलखर्ची और दहेज की समस्या विवाह-संस्कार आदि के कार्यक्रमों में दानवी रूप लेती जा रही है। हमें स्वयं आत्म चिन्तन करके इन सामाजिक कुरीतियों को दूर करना चाहिए एवं अन्य समाजों के समक्ष उदाहरण रखना चाहिए तभी निम्न और मध्यवर्ग का मारवाड़ी भाई अपनी प्रतिष्ठा बचा सकेगा।"

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष

१९८९-१९९३

भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. रामकृष्ण सरावगी

"जिस दिन समाज के कार्यकर्ता, समाज के सभी वर्गों के भाई–बहन सैकड़ों हजारों की संख्या में सामाजिक बुराइयों और सामाजिक अन्याय के विरूद्ध प्रान्तीयता और संकीर्णता के विरूद्ध, शोषण और दुर्नीति के विरूद्ध अनवरत आंदोलन प्रारंभ करेंगे, उस दिन वे अकेले नहीं रहेंगे। समस्त भारतीय समाज के लोग उनके साथ आ मिलेंगे और उसी दिन समाज सही छवि स्थापित कर सकेगा। समाज की सर्वांगीण उन्नति का सम्मेलन का सपना साकार होगा।"

२००१-०४ एवं २००४-०६

भूतपूर्व अध्यक्ष श्री मोहनलाल तुलस्यान

सिर्फ देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हमारे समाज की एक विशिष्ट पहचान है और इसके पीछे है हमारे पूर्वजों की अथक परिश्रम एवं दूरगामी सोच। समय के साथ हमारे समाज ने पुरानी परम्पराओं, जैसे कि बाल-विवाह, पर्दा-प्रथा, महिलाओं की अशिक्षा, दहेज प्रथा आदि कई कुरीतियों को कहीं पीछे छोड़ दिया है। कल तक घर की चाहरदिवार में कैद औरत आज व्यापार, कला, संस्कृति, साहित्य, समाज सेवा, खेलकूद, राष्ट्रविकास तथा अन्य कई क्षेत्रों में अपना उल्लेखनीय योगदान कर रही है। साथ ही हमारी आने-वाली पीढ़ी को सुसंस्कृत करने का भी काम कर रही है।

कवि छन्दराज पारदर्शी का देहदान

कवि श्री ओमप्रकाश डाँगी पारदर्शी का स्वर्गवास शरद पूर्णिमा दिनांक १२ अक्टूबर २०११ को हो गया। ७१ वर्षीय श्री पारदर्शी की पार्थिव देह को संकल्पानुसार आर. एन. टी. मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में वहाँ अध्ययनरत शोधार्थियों के चिकित्सा अनुसंधान के लिए शोकाकुल स्वजनों एवं सैंकड़ों परिचितों की उपस्थिति में समर्पित की गई। उल्लेखनीय है कि श्री पारदर्शी ने ३५ वर्ष पूर्व देहदान का संकल्प समाचार-पत्रों के माध्यम से निम्बाहेड़ा (राजस्थान) में किया था। जिसका अधिकृत अनुमोदन दिनांक ९-५-२००७ को जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर की स्वीकृत से किया था।

कवि पारदर्शी के ज्येष्ठ पुत्र कुलदीप 'प्रियदर्शी' ने बताया कि आप पिछले दो माह से अस्वस्थ चल रहे थे तथा अस्वस्थता के बावजूद भी आपका सृजन अनवरत गतिमान था और जीवन के आखरी दौर में आप भगवान महावीर पर खण्डकाव्य लेखन में रत थे।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष

२००६-२००८

पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा

किसी भी ७१ वर्षीय संस्था के लिये सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न होता है अपनी सामयिकता एवं प्रासंगिकता को बनाये रखना। मारवाड़ी सम्मेलन के लिये समय के साथ चलना तुलनात्मक रूप से सहज था क्योंकि सम्मेलन की स्थापना के पीछे मूल उद्देश्य ही था समाज को समयानुसार परिवर्तन की ओर अग्रसर करना। सम्मेलन समाज के लिये स्वयं बदलाव का स्त्रोत एवं प्रेरक रहा है। परन्तु मारवाड़ी सम्मेलन की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता के सवाल पर यदा-कदा प्रश्न उठते रहते है कि सम्मेलन क्या है, क्यों है, और किस लिये है? इन प्रश्नों को न तो सिरे से खारिज किया जा सकता है, न ही उन्हें नजरअन्दाज किया जाना चाहिये।

समाज शिक्षित हुआ है, लेकिन सुधार अभी भी बाकी है। मारवाड़ी समाज अपनी जिन खूबियों के लिये जाना जाता है, उन्हें खो रहा है। संचय की प्रवृति का ह्रास हुआ है एवं झूठा दिखावा एवं प्रदर्शन बढ़ रहा है। व्यवसाय में जुबान की कीमत एवं ईमानदारी में कमी हुई है। पारिवारिक टूटन, अनुशासन का अभाव, बढ़ते तलाक, टूटते विवाह आदि ऐसे सामाजिक प्रश्न है, जिन्हें कोई कोर्ट कचहरी नहीं सुलझा सकते। यह सुधार समाज को स्वयं करना है। जिसमें मारवाड़ी सम्मेलन को एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली भूमका निभानी है।

२००८-२०१०

पूर्व अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुंगटा

सम्मेलन का कार्य समाज हित में व्यापक है इसे और व्यापक बनाने के लिये सम्मेलन को न सिर्फ प्रान्तीय स्तर पर, बल्कि सम्मेलन की शाखाओं को हर गांव तथा शहर में और अधिक संगठित होने की जरूरत है। हमारी चेष्टा रहनी चाहिए कि समाज के प्रत्येक मारवाड़ी परिवार से कम से कम एक सदस्य सम्मेलन का साधारण, आजीवन या संरक्षक सदस्य जरूर बने। यह बात सभी जानते हैं कि किसी भी जातिगत संस्थाओं का विकल्प संभव है, परन्तु मारवाड़ी सम्मेलन का विकल्प खोजना समाज को कमजोर करना है। आईये, समाज के इस संगठन को हर स्तर पर और अधिक मजबूत करने में अपना योगदान देवें।

With Best Compliments From :

"जागो ग्राहक जागो – सच को जानो"

TATA TISCON पुरे बिहार में एक ही दाम में उपलब्ध

टाटा टिस्कॉन 500 D बनाने की विधि

- टाटा स्टील अपने माइन्स से आयरन ओर (स्टील) निकाल कर आधुनिक तकनीकी द्वारा ब्लास्ट फरनेश, L.D एवं लेडल रिफाइनींग द्वारा 100% शुद्ध कर बिलेट का निर्माण करती है।
- ब्लास्ट फरनेश, L.D एवं लेडल रिफाइनींग (**Blast Furnace, L.D & Ladle Refining**) के द्वारा ही स्टील को 100% शुद्ध किया जा सकता है।
- ब्लास्ट फरनेश, **L.D** एवं लेडल रिफाइनींग के द्वारा ही फास्फोरस एवं सल्फर को **BIS 2008** मानक के अनुसार नियंत्रण कर 100% शुद्ध स्टील बनाया जाता है।
- 100% शुद्ध स्टील से बने बिलेट को आधुनिक कारखाना में नवीनतम टेक्नोलॉजी, आधुनिक उपकरणों तथा विश्व की सबसे उन्नत टेक्नोलॉजी टेम्पकोर पद्धति से टाटा टिस्कॉन 500 **D** का निर्माण किया जाता है।

